हरिभूमि
# धमतरी भूमि
रायपुर, मंगलवार 22 अक्टूबर 2024

तापमान
अधिकतम 32 डिग्री
न्यूनतम 23 डिग्री

11 करवाचौथ का व्रत रखकर सुहागिनों ने मांगी पति की लंबी उम्र



12 रिहायशी इलाकों में पटाखों का अवैध भंडारण, कार्रवाई की मांग





## खबर संक्षेप

### नवपदस्थ एएसपी मणिशंकर ने लिया चार्ज



**धमतरी।** जिला पुलिस में एएसपी के पद पर पदस्थ रहे सुशील कुमार नायक का तबादला हो गया। उनके स्थान पर मणिशंकर चंद्रा को पदस्थ किया गया है। नवपदस्थ अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मणिशंकर चंद्रा ने सोमवार को पुलिस कार्यालय में पदभार ग्रहण किया। चार्ज लेने के बाद एएसपी एमएस चंद्रा ने पुलिस आफिस के सभी शाखा प्रभारियों से मुलाकात की। उल्लेखनीय है कि जिले के यातायात शाखा में डीएसपी मणिशंकर चन्द्रा अपनी सेवाएं दे रहे हैं। अब एएसपी के रूप में मणिशंकर चंद्रा के पदस्थ होने के बाद जिले में हमनाम दो पुलिस अधिकारी हो गए हैं।

### उचित मूल्य दुकानों के संचालन के लिए आवेदन 22 तक

**धमतरी।** कुरूद विकासखण्ड के तहत ग्राम भेण्डरी, नहरडीह और दमकाडीह में नवीन शासकीय उचित मूल्य दुकान का आवंटन किया जाना है। इसके लिए आवेदन करने की अंतिम तिथि 22 अक्टूबर है। अनुविभागीय अधिकारी राजस्व कुरूद ने बताया कि शासकीय उचित मूल्य दुकान संचालन के लिए सहकारी समिति, महिला स्व सहायता समूह और स्थानीय निकाय आवेदन करने के लिए पात्र संस्था है, जिसका पंजीयन तीन माह पूर्व होना अनिवार्य है। उन्होंने बताया कि नियत तिथि के बाद मिले आवेदन पर विचार नहीं किया जाएगा।

### प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना पर आज कार्यशाला

**धमतरी।** केंद्र सरकार की महती योजना प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना की जानकारी विद्युत उपभोक्ताओं एवं नागरिकों को देने 22 अक्टूबर को दोपहर 12 बजे नगर पालिक निगम धमतरी के सभाकक्ष में कार्यशाला का आयोजन किया गया है। कार्यशाला में केंद्र सरकार के ग्रामीण विद्युतीकरण कारपोरेशन के अधिकारियों द्वारा प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के बारे में जानकारी दी जाएगी तथा स्थल पर ही ऑनलाइन आवेदन पंजीकृत किए जाएंगे। आवेदकों की सुविधा के लिए धमतरी जोन कार्यालय एवं कुरूद संभागीय कार्यालय में सिंगल विंडो ओपन किया गया है जहां कार्यालय समय में योजना की संपूर्ण जानकारी प्राप्त की जा सकती है तथा पंजीयन भी कराया जा सकता है। अनिल प्रसाद सोनी कार्यपालन अभियंता विद्युत विभाग धमतरी संभाग ने विद्युत उपभोक्ताओं से कार्यशाला में पहुंचकर केंद्र सरकार की योजना का लाभ लेने का अनुरोध किया है।

कलेक्टर जनदर्शन में गांव से लेकर शहर तक के फरयादियों ने शिकायत और मांग की

# होम डिलीवरी के नाम पर गैस उपभोक्ताओं से लूट

■ कांग्रेस कमेटी के बैनर तले युवाओं ने की शिकायत, कार्रवाई की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

गैस सिलेंडरों की होम डिलीवरी के नाम पर उपभोक्ता ठगे जा रहे हैं। होम डिलीवरी निःशुल्क करने का प्रावधान है, लेकिन हॉकरों द्वारा गांवों में सिलेंडर डिलीवरी पर 30-40 रूपए का चार्ज जोड़ा जा रहा है। इसकी शिकायत कलेक्टर से करते हुए प्रदेश कांग्रेस कमेटी के युवाओं ने जांच की मांग की है।

सोमवार को हुए कलेक्टर जनदर्शन में गांव से लेकर शहर तक के फरयादियों ने शिकायत और मांग की। गैस सिलेंडरों की होम डिलीवरी में गैस एजेंसियों द्वारा अतिरिक्त शुल्क वसूली का मुद्दा उठाते हुए प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कृष्ण कुमार मरकाम, जय श्रीवास्तव, हेमप्रकाश साहू, तोमेश ने बताया कि कुछ समय से शिकायत मिल रही है कि गैस डीलरों द्वारा हॉकरों के माध्यम से होम डिलीवरी के नाम पर वसूली की जा रही है। जब उन्होंने इसकी पड़ताल की तो पता चला कि प्रत्येक सिलेंडर पर 30-40 रुपए अतिरिक्त लिया जा रहा है। उन्होंने बताया कि रिफिलिंग के लिए बुकिंग कराने पर गैस एजेंसी की जिम्मेदारी होती है कि वह सिलेंडर पहुंचाकर दें। शहरी क्षेत्र में 5 किमी और ग्रामीण क्षेत्र में 15 किमी तक होम डिलीवरी का नियम है। इस नियम को ठेंगा दिखाते हुए अतिरिक्त वसूली की जा रही है। यही नहीं उपभोक्ताओं को रसीद भी नहीं दी जाती है।



शिकायत करते हुए उन्होंने बताया कि उपभोक्ताओं को सिलेंडर तौलकर दिया जाना चाहिए, लेकिन हॉकर गाड़ियों में तराजू ही नहीं रखते हैं। यही नहीं गैस उपभोक्ताओं को कई प्रकार की सुविधाएं मिलती हैं। गैस एजेंसियों द्वारा उसका प्रचार प्रसार ही नहीं किया जाता है। उपभोक्ताओं को गैस सुरक्षा कवच बीमा की जानकारी भी नहीं दी जाती है। उन्होंने कलेक्टर से इस मामले की जांच करने, होम डिलीवरी के नाम पर हो रही वसूली बंद करने और ग्राहकों को लूटने वाली एजेंसियों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है।

## बिरेतरा स्कूल के खिलाड़ियों से हो रहा छल



शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला बिरेतरा के खिलाड़ियों से छल करने वाले अधिकारियों पर कार्रवाई की मांग करते हुए स्कूल के छात्रों, सरपंच, उपसरंपच सहित पंचों ने बताया कि लगातार दो साल से बिरेतरा स्कूल के खिलाड़ी राज्य स्तरीय तैराकी, वाटर पोला प्रतियोगिता में परचम लहरा रहे हैं। सहायक खेल अधिकारी और दो व्यायाम शिक्षकों ने द्वेषपूर्वक गलत जानकारी देते हुए खिलाड़ियों को इस खेल में भाग लेने से रोक दिया। जिन अधिकारियों पर खिलाड़ियों को आगे बढ़ाने का दायित्व है, वे ही खिलाड़ियों के भविष्य से खेल रहे हैं। चित्ररेखा, चम्पेश्वरी, धनेश्वरी, अंबिका, कुमारी, राकेश्वरी, परमेश्वरी सहित अन्य छात्र -छात्राओं ने दोषी अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। छात्राओं ने स्कूल में शिक्षकों की कमी की भी शिकायत की है।

## 18 किमी जाने के लिए 35 किमी का सफर



ग्राम पंचायत गोविंदपुर के ग्रामीणों ने बताया कि उनके गांव की जनसंख्या 1100 है। ग्राम नेगीनाला का आश्रित गांव है। दोनों गांव की दूरी विकासखंड मुख्यालय से 18 किमी है। यह रास्ता निस्तारी तालाब से होकर गुजरता है। निस्तारी तालाब की मेड़ फूट जाने के कारण यह रास्ता बंद हो गया है। अब ग्रामीणों को दूसरे रास्ते से 35 किमी का सफर तय कर विकासखंड मुख्यालय जाना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने कलेक्टर से तालाब वाले रास्ते को शीघ्र ही दुरूस्त करवाने की मांग की है।

## मोंगरागहन अतिक्रमण की चपेट में



कुरूद क्षेत्र के ग्राम मोंगरागहन के ग्रामीणों ने बताया कि गांव में 340 परिवार रहते हैं। इसमें से 70-80 परिवार ऐसे हैं, जिन्होंने घास जमीन पर अतिक्रमण कर लिया है। कई अतिक्रमणकारियों ने अतिक्रमण के बाद जमीन बेच दी है और नई जगह पर अतिक्रमण कर रहे हैं। अब तक अतिक्रमण कर वे पक्का मकान बना रहे हैं। कई बार एसडीएम, तहसीलदार से शिकायत करने पर भी अतिक्रमण नहीं हटाया गया। उन्होंने बताया कि यह अतिक्रमण इसी पंचवर्षीय काल में बढ़ा है। इससे गांव में तनाव का माहौल है। सोमवार को ग्रामीण गांव में काम धाम बंद कर कलेक्टोरेट पहुंचे। ग्रामीण देवराम साहू, ओमप्रकाश साहू, ठाकुरराम साहू, निर्भय साहू, अनिल साहू सहित सभी ग्रामीणों ने कलेक्टर से अतिक्रमण हटाने की मांग की है।

## ढीमरटिकुर के ग्रामीणों ने मांगा मुआवजा



ढीमरटिकुर के ग्रामीणों ने बताया कि कोलियारी से खरेंगा, दोनर, मंदरौद तक लगभग 35 किमी सड़क का चौड़ीकरण किया जा रहा है। इस चौड़ीकरण में ढीमरटिकुर सहित अन्य गांव के करीब 20 मकान और 40 किसानों की जमीन आ रही है। इन किसानों से सहमति बिना ही जबरदस्ती सड़क का निर्माण किया जा रहा है। सड़क निर्माण को लेकर अधिकारियों द्वारा कोई जानकारी भी नहीं दी जा रही है। किसानों ने जमीन का मुआवजा देने की मांग की है। उन्होंने चेतावनी दी है कि संतोषप्रद मुआवजा नहीं मिलता है तो वे सड़क पर आंदोलन करेंगे।

# निगम टीम ने अवैध निर्माण पर चलाया बुलडोजर

■ गर्ल्स कॉलेज रोड का मामला: अवैध निर्माण से रोड हो गई थी संकरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

नगर निगम की तोड़ूदस्ता टीम ने महात्मा गांधी वार्ड कलेक्टर रोड गर्ल्स कॉलेज जाने के मार्ग में एक अवैध निर्माण को बुलडोजर की सहायता से ढहाया है। निगम से मिली जानकारी के अनुसार उक्त जगह पर निगम की परमिशन के बगैर मकान का निर्माण किया गया था। इसकी जानकारी होने पर निगम ने अवैध निर्माण रोकने नोटिस जारी किया। नोटिस की तामिली के बाद भी संबंधित पक्ष ने अवैध निर्माण नहीं रोका एवं मकान बनाने का काम शुरू रखा। निगम टीम ने नोटिस देने के बाद स्थल पर जाकर निर्माण कार्य रोकने व अवैध निर्माण हटाने का आग्रह किया। इसके बाद भी संबंधित पक्ष ने कोई माकूल जवाब नहीं दिया। सोमवार को निगम कमिश्नर के आदेश पर निगम की







तोड़ूदस्ता, रोका छेका टीम एवं पुलिस टीम की मौजूदगी में बुलडोजर की सहायता से अवैध निर्माण को ढहाया गया एवं फिर निर्माण नहीं करने की चेतावनी देते हुए रास्ता साफ किया गया। इस दौरान खूब वाद-विवाद हुआ। निर्माण नहीं ढहाने की बात पर वे अड़े रहे। पुलिस की मौजूदगी में उन्हें निर्माण स्थल से हटाया गया। बता दें कि निर्माण कार्य होने से रास्ता संकरा हो गया था। निर्माण करने से पहले निगम से परमिशन भी नहीं ली थी। उक्त जमीन सरकारी थी।

# धान खरीदी से पहले समिति कर्मचारी आंदोलन पर

■ तीन सूत्रीय मांगों को लेकर गांधी मैदान में किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

अपनी तीन सूत्रीय मांगों को लेकर सहकारी समिति के कर्मचारियों ने गांधी मैदान में प्रदर्शन किया। जमकर नारेबाजी करते हुए उन्होंने बताया कि यह आंदोलन की शुरूआत है। यदि उनकी मांगें पूरी नहीं होती है तो धान खरीदी शुरू होते ही 4 नवंबर से पूरे प्रदेश के सहकारी कर्मचारी अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले जाएंगे।



सूखत का प्रावधान करने, वेतनमान की मांग को लेकर सहकारी कर्मचारी लंबे समय से आवाज उठा रहे हैं लेकिन अब तक उनकी मांगों की ओर किसी ने ध्यान नहीं दिया है। अपनी मांगों की ओर शासन- प्रशासन का ध्यान खींचने के लिए सहकारी समिति कर्मचारी संघ के बैनरतले सभी कर्मचारी चरणबद्ध आंदोलन कर रहे हैं। सोमवार से आंदोलन की शुरूआत हुई। पहले चरण में कर्मचारी 21 से दो दिवसीय धरना प्रदर्शन शुरू किया गया। कर्मचारियों ने गांधी मैदान में धरना देकर खूब आवाज बुलंद की। सहकारी समिति कर्मचारी संघ के नरेंद्र कुमार साहू ने बताया कि उनका यह धरना 22 अक्टूबर को भी चलेगा। यदि उनकी मांग पूरी नहीं होती है तो 2 नवंबर से सभी कर्मचारी अनिश्चितकालीन आंदोलन पर चले जाएंगे। उन्होंने बताया कि धान खरीदी का समय नजदीक है। आंदोलन से समर्थन मूल्य पर धान खरीदी के साथ सार्वजनिक वितरण प्रणाली, कृषक पंजीयन, ईआरपी, केसीसी आईएस पोर्टल आदि कार्य प्रभावित हो सकते हैं।

## दुकान का ताला तोड़कर लगाई आग, सामान सहित नकदी जलकर खाक



**अंवरी।** भखारा थाना क्षेत्र के ग्राम कोर्रा में रविवार की रात्रि अज्ञात लोगों ने एक दुकान का ताला तोड़कर उसे आग के हवाले कर दिया। इससे दुकान में रखे सामान सहित नकदी जलकर खाक हो गया। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक ग्राम कोर्रा के शत्रुघन साहू की गांव में ही पान की दुकान है। रविवार की रात्रि किसी अज्ञात लोगों ने दुकान का ताला तोड़कर आग के हवाले कर दिया। इससे दुकान में रखे सामग्री सहित नकदी जलकर खाक हो गया। इससे दुकान संचालक को लगभग 20 से 25 हजार की आर्थिक क्षति हुई। इस घटना में दुकान पूरी तरह से जल गई है। सिर्फ लोहे की चादर बची है। दुकान संचालक शत्रुघन साहू ने बताया कि गांव के ही कुछ लोग उसके साथ ईर्ष्या रखते हैं। उसे संदेह है कि उन्हीं लोगों ने इस कृत्य को अंजाम दिया है। इस घटना की सूचना भखारा थाने में दे दी है। इस संबंध में थाना प्रभारी लेखराम ठाकुर ने बताया कि दुकान के आसपास की सभी सीसीटीवी फुटेज की जांच की जाएगी। आरोपियों पर वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

# सांकरा का युवक ओडिशा में हुआ सड़क हादसे का शिकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

■ धमतरी के अस्पताल में इलाज के दौरान तोड़ा दम

अपने साथियों के साथ उड़ीसा गया सांकरा सिहावा का युवक सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल युवक ने धमतरी के अस्पताल में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया।



अस्पताल पुलिस चौकी के अनुसार सिहावा थाना क्षेत्र के ग्राम सांकरा निवासी सत्यजीत तारक पिता नरेंद्र उम्र 28 वर्ष 18 अक्टूबर को गांव के तरूण सिन्हा व दुर्गेश भंडारी के साथ अपनी मोटरसाइकहल क्रमांक सीजी 04 एमके 4965 से किसी काम से उड़ीसा के ग्राम वाडादाहरा गया था। जहां से शाम को तीनों वापस अपने घर सांकरा सिहावा लौट रहे थे। इसी दौरान ग्राम खिलौली मोड़ थाना कुंदई जिला नवरंगपुर उड़ीसा के पास तेज रफ्तार मोपेड ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी। इस घटना में सत्यजीत गंभीर रूप से घायल हो गया। वहीं बाइक सवार उसके दोनों साथी बाल-बाल बच गए।

घटना के बाद घायल युवक को उड़ीसा के भारन अस्पताल में भर्ती किया गया। परिजन वहां से रिफर कराकर नगरी अस्पताल ले आए। घायल की गंभीर हालत को देखते हुए डाक्टर ने घायल को जिला अस्पताल रिफर कर दिया। घायल युवक को जिला अस्पताल लाया गया। जहां से रिफर करने पर से शहर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। इलाज के दौरान घायल युवक की रविवार की शाम मौत हो गई। चौकी पुलिस ने सोमवार को मर्ग कायम कर शव का पंचनामा व पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है।

# इंडोर स्टेडियम में बटंची लहराते युवक गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

■ कोतवाली पुलिस की कार्रवाई

स्टेडियम परिसर में बटंची चाकू लहराकर लोगों को डरा धमका रहे युवक को कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार किया है।

पुलिस के अनुसार सिटी कोतवाली की पुलिस पेट्रोलिंग पर निकाली थी। इसी दौरान पेट्रोलिंग पार्टी को इतवारी बाजार के पास मुखबिर से इंडोर स्टेडियम में एक युवक द्वारा बटंची चाकू लहारने की



सूचना मिली। पुलिस तत्काल आमातालाब रोड स्थित इंडोर स्टेडियम पहुंची, जहां एक युवक हाथ में बटंची चाकू लेकर लहरा रहा था। पुलिस ने घेराबंदी कर उक्त युवक को पकड़कर नाम पता पूछा। उसने अपना नाम हेमंत राजपूत उर्फ बिट्टू पिता सातमसिंग उम्र 30 वर्ष रामपुर वार्ड गवर्नमेंट स्कूल के पास का निवासी व वर्तमान निवास आमापारा रायपुर बताया। पुलिस ने धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत अपराध दर्ज कर आरोपी हेमंत राजपूत उर्फ बिट्टू को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है। शहर में बढ़ती चाकूबाजी की घटनाओं को रोकने के लिए चाकूबाजों के खिलाफ पुलिस द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है।

इस कार्रवाई में एएसआई नरेंद्र साहू, प्रआ दीपक साहू, सौरभ पटेल, आरक्षक डायमंड यादव, भुनेश्वर त्रिपाठी, सुरेंद्र डड़सेना, रंजीत कुर्रे व चंद्रहास टंडन का योगदान रहा।

कलेक्टर व एसपी ने शहीद जवानों के परिजनों से भेंटकर हाल-चाल जाना

# पुलिस स्मृति दिवस पर शहीदों को दी श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

जिले के शहीद एवं देशभर में हुए वीर शहीदों को पुलिस स्मृति दिवस पर जनप्रतिनिधि, समाजसेवी, कलेक्टर, एसपी सहित नागरिकों ने श्रद्धा सुमन अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।

21 अक्टूबर 1959 को लद्दाख के पास हॉट स्प्रिंग्स इलाके में चीनी सैनिकों द्वारा घात लगाकर किए गए हमले में शहीद हुए 10 वीर शहीद जवानों को सम्मान देने के लिए प्रतिवर्ष पुलिस स्मृति दिवस मनाया जाता है। इसी क्रम में जिला पुलिस ने सोमवार को पुलिस लाइन में पुलिस स्मृति दिवस आयोजित किया। इस दौरान विभिन्न मोर्चों व मुठभेड़ में कर्तव्य का निर्वहन करते हुए अपने प्राणों की आहुति देने





वाले देशभर के शहीद वीर जवानों एवं जिले के शहीद पुलिस जवानों के नामावली की सूची का एसपी आंजनेय वार्ष्णेय द्वारा वाचन कर पुष्पांजलि अर्पित की गई। तत्पश्चात रक्षित निरीक्षक दीपक शर्मा के नेतृत्व में शहीद परेड के जवानों द्वारा सलामी शोक शस्त्र के साथ शहीद जवानों को श्रद्धांजलि दी गई। देशभर में सितंबर 2023 से अक्टूबर 2024 तक 216 शहीद हुए वीर जवानों सहित जिले के शहीद जवानों की शहादत को याद किया गया। उसके बाद कलेक्टर नम्रता गांधी एवं जनप्रतिनिधि, शहीदों के परिजन, समाजसेवियों, रिटायर्ड फौजी, वरिष्ठ नागरिकों, पुलिस आर्मी के पदाधिकारी एवं पुलिस के अधिकारी व जवानों ने श्रद्धा सुमन अर्पित कर शहीदों के बलिदानों का पुण्य स्मरण कर शहीद स्मारक पर पुष्प चक्र अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। कलेक्टर व एसपी ने शहीद जवानों के परिजनों से भेंटकर उनका हाल-चाल जाना।

स्मृति दिवस पर कलेक्टर नम्रता गांधी, जिला पंचायत अध्यक्ष कांति सोनवानी, महापौर विजय देवांगन, अपर कलेक्टर जीआर मरकाम, डीएसपी सुश्री नेहा पवार, यातायात डीएसपी मणिशंकर चन्द्रा, होमागार्ड कमाण्डेट शोभा ठाकुर, रक्षित निरीक्षक दीपक शर्मा, कोतवाली, रूद्री, अर्जुनी के थाना प्रभारी, रिटायर्ड फौजी, रिटायर्ड पुलिस अधिकारी, शहीद के परिवारजन, समाजसेवी, वरिष्ठ नागरिक एवं एनसीसी सहित पुलिस अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।

पाठक सूचना
धमतरी जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
मो. 9826114710, 9993322768
9098324969

## ग्राम कोर्रा में नर्मदेश्वर महादेव की विधि-विधान से हुई प्राण-प्रतिष्ठा

# राजस्थान के 6 कारीगरों ने 20 दिन में बनाई शिव की 25 फीट प्रतिमा

हरिभूमि न्यूज ▶▶कोर्रा(भखारा)



कोर्रा में तालाब के बीच में भगवान शिव की प्रतिमा विराजित की गई है। इसे शासकीय मद 15 लाख की लागत से बनवाया है। 2 साल में मंदिर निर्माण का काम पूरा हुआ। राजस्थान के 6 कारीगरों ने सीमेंट से भगवान शिव की 25 फीट ऊंची प्रतिमा बनाई है। भगवान शिव को 50 फीट लंबे 24 पिल्लर में खड़ा किया है।

सरपंच चोवाराम ने बताया कि उन्हें आध्यात्म के प्रति लगाव है। गांव में 23 मंदिर हैं। गांव में देवी-देवताओं के मंदिरों की देखरेख पर लोग ज्यादा ध्यान नहीं देते थे। सरपंच बनने के बाद गांव के सभी मंदिरों का जीर्णोद्धार किया गया है। तालाब के बीच में भगवान शिव की प्रतिमा स्थापित करने की सोच आई। ग्रामीणों से सहमति ली गई। दो साल पहले बाजार चौक के पास स्थित तालाब को सुखाकर उसमें 50 फीट लंबे 24 पिल्लर का निर्माण कराया गया। इनके ऊपर 25 फीट भगवान शिव की प्रतिमा स्थापित की गई है। इसमें शासकीय मद से करीब 15 लाख खर्च हुए हैं। प्रतिमा बनाने राजस्थान से 6 कारीगरों को बुलाया गया था। उन्होंने 20 दिन में प्रतिमा बनाई।

21 अक्टूबर को यहां नर्मदा नदी के कण से बने शिवलिंग को स्थापित किया गया। तालाब के बीच में बने मंदिर को नर्मदेश्वर महादेव के नाम से जाना जाएगा। भगवान की प्राण-प्रतिष्ठा पं. कल्पना पांडेय द्वारा विधि-विधान से की गई। सुबह 7 बजे वेदी पूजन किया गया, नर्मदेश्वर महादेव की स्थापना व यज्ञ अनुष्ठान पश्चात पूर्णाहुति की गई। सुबह 10 बजे शीतला मंदिर से कैलाश मानसरोवर तक कलश यात्रा निकाली गई।

### महिलाओं ने निकाली कलशयात्रा

गांव की महिलाओं ने कलशयात्रा निकाली। सभी महिलाएं एक ही डिजाइन की साड़ी पहने एकता की मिसाल पेश की। सरपंच चोवाराम साहू द्वारा महिलाओं को साड़ी वितरित की गई है। कलश यात्रा के साथ मनमोहक झांकी की प्रस्तुति हुई। गांव के युवा शिव भक्ति की धुन में झूम रहे थे। दोपहर 2 बजे भंडारा का आयोजन हुआ। लोगों को रुद्राक्ष का वितरण किया गया।



### विकास के लिए एकजुटता जरूरी



कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कुरुद विधायक अजय चंद्राकर ने अपने उदबोधन में कहा कि ग्राम कोर्रा में कई विकास कार्य हुए हैं। सरपंच साहू द्वारा शिवालय स्थापित करना धर्म के विकास का पर्याय है। सरपंच चोवाराम साहू ने कहा कि देश के विकास का रास्ता गांव की गलियों से होकर ही गुजरता है। गांव में देव स्थलों का जीर्णोद्धार एक शुरुआत है। इससे आत्मबल मिला है। गांव में नवनिर्माण से आत्मसंतुष्टि मिली है। मंदिर निर्माण जैसे कार्य से पूरा गांव गौरवान्वित हुआ। रात्रि में भजन संध्या का आयोजन हुआ।

# संगवारी साहित्य समिति ने मनाया शरदोत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶सिर्री

- कवियों ने देश, समाज, संतान पर पढ़ी कविताएं



ग्राम भाठागांव में संगवारी साहित्य समिति सिर्री से जुड़े साहित्यकार, कवियों ने 20 सितंबर को शरदोत्सव काव्य गोष्ठी आयोजित की। इस अवसर पर लेखक साहित्यकारों ने अपना विचार साझा किया।

ग्राम के पोखनलाल साहू, ओमप्रकाश साहू, लिखनलाल साहू, प्यारेलाल साहू, बिजेंद्र चक्रधारी, परसराम साहू ने पूजा कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम के मुख्य आयोजक लिखनलाल साहू सेवानिवृत्त शिक्षक ने स्वागत गीत पढ़कर साहित्यकारों का अभिनंदन किया। रामेश्वर प्रसाद सिन्हा सेवानिवृत्त व्याख्याता ने निरंतर साहित्यिक गतिविधियों के लिए शुभकामना प्रेषित की। गुपेश साहू नारी ने न्याय तंत्र में विलंब पर कविता पाठ किया। जागेंद्र सिन्हा कन्हारपुरी ने अपनी कविता से देश और समाज के प्रति कर्तव्यबोध को रेखांकित किया। मोहन कंसारी नारी ने माता पिता के प्रति संतानों के कर्तव्यबोध को लेकर सारगर्भित पंक्ति पढ़ी। वरिष्ठ साहित्यकार मोहन लाल घिवरिया सिर्री ने प्रेम से सराबोर पंक्ति पढ़कर लोगों को गदगद किया। इस अवसर पर प्रगति लेखक संघ के अध्यक्ष डॉ माझी अनंत ने लेखकीय जीवन के अपने अनुभव को साझा करते हुए अपनी परिचित पुस्तक रास्ते में खिला फूल से कविताओं का पाठ किया। प्यारेलाल साहू सेवानिवृत्त व्याख्याता मरौद ने शरद ऋतु को रेखांकित करते हुए कविता पाठ किया। कार्यक्रम का संचालन, संयोजन कर रहे युवा साहित्यकार रामेश्वर साहू बकली ने अपनी रचना में कहा कि शरद पूर्णिमा की चांद भली लगती है, शीत से नहाई धरती भली लगती है। बिना कंबल गुजरती है जिनकी जिन्दगी, उन्हें सूरज की धूप भली लगती है। आयोजक लिखन साहू, प्यारेलाल साहू ने कवियों को श्रीफल भेंटकर सम्मनित किया। आभार प्रदर्शन पोखन साहू ने किया।

# बेहतर रणनीति और एकाग्रता से मिलती है सफलता : पूनम



- प्राणीशास्त्र विभाग की पूर्व छात्रा ने नेट-जेआरएफ पर दिया करियर मार्गदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶कुरूद

करियर गाइडेन्स एवं प्लेसमेंट सेल द्वारा स्नातकोत्तर छात्रों के लिए नेट तथा जेआरएफ की तैयारी के लिए मार्गदर्शन कार्यशाला हुई। प्राणीशास्त्र विभाग में लाइफ़ साइन्स विषय अंतर्गत वनस्पति शास्त्र एवं प्राणी शास्त्र विभाग के छात्रों ने कार्यशाला में भाग लिया।

कार्यशाला में प्राणीशास्त्र विभाग की पूर्व छात्रा पूनम हिरवानी ने छात्रों का मार्गदर्शन किया। पूनम ने इस साल सीएसआइआर नेट की परीक्षा में सफलता अर्जित की है। कार्यशाला के दौरान पूनम ने अपने सफलता की कहानी बताई कि कोरोना काल में आनलाइन क्लास के कारण शुरुआत में विषय की समझ नहीं होने से पढ़ाई बहुत कठिन लगती थी। बड़ी बहन के दबाव और प्रेरणा के कारण जब लगातार पढ़ाई करने के लिए कुरुद में गोविंद साहू की नेट की कक्षा ज्वाइन की और पढ़ना शुरू किया तो धीरे - धीरे विषय में रुचि विकसित हुई। इस दौरान पहले प्रयास में 92 पर्सेंटायल अंक हासिल किया और नेट के लिए मात्र एक पर्सेंटायल अंक से चूक गई। दूसरे प्रयास में बेहतर रणनीति और एकाग्रता से तैयारी करने के लिए अपने आपको सीमित करके पढ़ाई की जिससे समय बच सके। दूसरे प्रयास में ही नेट के लिए चयनित हो गई।

इस बीच छात्रों ने पूनम से रणनीति बनाने से लेकर परीक्षा के दिन तक की कई सारी बातें जानने के लिए प्रश्न किया। कार्यशाला के दौरान प्राणीशास्त्र विभाग के विभागाध्यक्ष हितनारायण टण्डन ने नेट और जेआरएफ के विषय में छात्रों को जानकारी प्रदान करते हुए बताया कि एमएससी के बाद शोध करने के लिए जेआरएफ की परीक्षा पास करने से 35 हजार रुपए मासिक शोधवृत्ति मिलती है जो शोध कार्य के लिए बहुत सहायक होती है। सहायक प्राध्यापक चित्रमणी श्रीमाली ने समय प्रबंधन और बेहतर रणनीति के साथ तैयारी करने के लिए प्रेरित किया।

# दुगली स्कूल में शहीद निर्मल को किया याद

- 18 मार्च 2017 को पुलिस नक्सली मुठभेड़ में हुए थे शहीद

हरिभूमि न्यूज ▶▶सांकरा



पुलिस स्मृति दिवस पर शहीद निर्मल नेताम को याद कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई।

उल्लेखनीय है कि शाउमावि दुगली से शिक्षा प्राप्त शहीद आरक्षक निर्मल नेताम पिता स्व. मोहन नेताम निवासी कौहाबाहरा थाना दुगली जिला दंतेवाड़ा में आरक्षक के पद पर कार्यरत थे। 18 मार्च 2017 को जिला दंतेवाड़ा के ग्राम बुरगुम के डोरेपारा में हुई पुलिस नक्सली मुठभेड़ में अपने अदम्य साहस का परिचय देते हुए शहीद हो गये। 21 अक्टूबर को पुलिस स्मृति दिवस पर शाला प्रांगण में जवान की शहादत को नमन किया गया। स्कूल के अन्य विद्यार्थियों में देशप्रेम की भावना जागृत करने एवं पुलिस सेवा से जुड़ने हेतु प्रेरित भी किया गया।

इस अवसर पर प्राचार्य ललित सोम, वरिष्ठ शिक्षक अजय ग्वाल, शैलेन्द्र कौशल, राजेंद्र नेताम, गिरधर, दुष्यंत नेताम, पवन साहू, शिक्षिका भावना सोरी, वर्षा रंगारी, रूपा यादव, कौहाबाहरा थाना के प्रधान आरक्षक सत्येंद्र दीक्षित व अन्य आरक्षक उपस्थित थे।

# एकता व्यवसायी संघ ने रानी दुर्गावती चौक पर लगाया सीसीटीवी कैमरा

- गुरूर, धमतरी एवं बस्तर की तरफ होगी निगरानी, अपराधियों को पकड़ने में मिलेगी मदद

हरिभूमि न्यूज ▶▶पुरूर(धमतरी)



थाना प्रभारी की पहल पर ग्राम पुरूर के रानी दुर्गावती चौक पर सार्वजनिक सुरक्षा की दृष्टिकोण से एकता व्यवसायी संघ द्वारा 1.50 लाख से आधुनिक पीजीजेड सीसी टीवी कैमरा लगाया गया। कैमरे से गुरूर, धमतरी एवं बस्तर की तरफ निगरानी होगी। पुरूर थाना प्रभारी शिशुपाल सिन्हा का भी सम्मान व्यवसायी संघ ने किया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि समाजसेवी जयंत किरी ने कहा कि एकता व्यवसायी संघ पुरूर द्वारा चौक में आधुनिक सीसी टीवी कैमरा लगाया जाना सराहनीय कार्य है। कैमरे से अराजक तत्वों को असानी से पकड़ा जा सकेगा। पूर्व विधायक प्रीतम साहू ने कहा कि पुरूर गांव नहीं बल्कि एक कस्बा है जो दो राजमार्ग को जोड़ता है। चौक में कैमरा लग जाने से पुलिस को भी सहूलियत होगी। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे ट्रक ऐसोसिएशन अध्यक्ष अरविंद मुंडी ने कहा कि चौक पर कैमरा लगने से आपराधिक घटनाओं में लगाम लगेगी। अपराधियों को पकड़ने में काफी मदद मिलेगी। जिपं सदस्य मीना साहू ने कहा कि नेशनल हाईवे होने के कारण यहां आए दिन दुर्घटना होती है। कैमरा लग जाने से अपराधी पकड़े जायेंगे। सरपंच सुकीर्ति यादव ने भी अपने विचार रखे। अन्य अतिथि सत्येन्द्र साहू, प्रदीप रणसिंह, उमेंद साहू, जितेन्द्र यादव थे। अनुविभागीय अधिकारी पुलिस श्री एक्का एवं पुरूर थाना प्रभारी शिशुपाल सिन्हा ने निःस्वार्थ भाव से पुलिस की मदद करने वाले शिवा प्रधान धमतरी, टीकम तारम रक्तदान सेवा समिति एवं माखन साहू को प्रतीक चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया। पुरूर थाना प्रभारी श्री सिन्हा एवं एसडीओपी श्री एक्का ने ग्राम चिटौद एवं बोरिदकला की महिला कमांडो को भी उनके नेक कार्यों के लिए सम्मानित किया। कार्यक्रम का संचालन टेमन साहू व आभार प्रदर्शन संघ के अध्यक्ष मिथिलेश साहू ने किया।

## अंचल की खबरें

### महिलाओं ने रखा करवा चौथ का व्रत



**नगरी।** नगर पंचायत के बाजारपारा वार्ड क्रमांक 15 की महिलाओं ने अपनी पति की लंबी उम्र के लिए करवा चौथ का व्रत रखा। तारामती साहू, डॉली साहू, लता साहू, चंचल चंद्राकर, श्वेता पुजारी, मानसी साहू, हेमलता साहू, भारती साहू, कंचन, गंगाबाई आदि महिलाओं ने व्रत रखा।

### पति की दीर्घायु के लिए सुहागिनों ने रखा निर्जला व्रत



**कुरूद।** पति की लंबी आयु के लिए सुहागिनों ने रविवार को करवाचौथ का निर्जला व्रत रखा। त्योहार को लेकर सुबह से घरों में तैयारियां शुरू हो गई थीं। सरगी की रस्म निभाई गई। सुहागिनों ने रात को चांद और पति का दीदार कर पूजन-अर्चना के बाद व्रत खोला। प्रेम के इस पर्व पर पत्नी को उपहार भी दिया गया। इस दिन महिलाएं सोलह श्रृंगार, मेहंदी आदि लगाकर तैयार हुईं। दिनभर निर्जला व्रत रखने के बाद रात में चांद का दीदार और पति को देखकर कर पूजन-अर्चन की रस्में निभाई गईं। इस दौरान महिलाओं ने चंद को अर्घ्य देकर विधि -विधान से पूजन किया। पूजन के बाद पत्नी को पानी पिलाकर व मीठा खिलाकर व्रत खुलवाया गया।

### पंचायत भृत्य संघ ने कलेक्टर दर पर वेतन मांगा



**सांकरा।** ग्राम पंचायत भृत्य संघ की बैठक नगरी ब्लाक की बैठक 20 अक्टूबर रविवार को दोपहर 1 बजे मां शीतला मंदिर परिसर सिहावा में हुई। संघ ने कलेक्टर दर पर वेतन दिलाने प्रस्ताव पारित कर शासन-प्रशासन को आवेदन पत्र प्रेषित करने का निर्णय लिया गया। बैठक में प्रांताध्यक्ष सोमनाथ तारक, मीडिया प्रभारी परमानंद देवदास, जिला अध्यक्ष भुनेश्वर साहू, ब्लाक अध्यक्ष रूपेश पटेल, सचिव देवचरण नेताम, कोषाध्यक्ष घनाराम गौर समेत ब्लाक के समस्त ग्राम पंचायत भृत्य उपस्थित थे।

### स्वर्गधाम सेवा समिति ने भूमिहीन परिवार की मदद की



**पुरी।** ग्राम छाती में मानव कल्याण सर्वधाम सेवा समिति कई वर्षों से संचालित है। समिति द्वारा गांव के भूमिहीन व्यक्ति के घर में किसी का निधन हो जाने पर उसके परिवार को आर्थिक सहायता राशि 7250 रूपये 58 व्यक्तियों द्वारा दी जाती है। आकाश साहू की मां श्रीमती दसोदा साहू के देहवासन पर आर्थिक सहायता राशि दी गई। मौके पर देवलाल साहू, कुलदीप यदु, विक्रम चंद्राकर, घनश्याम कश्यप, बिशेलाल चंद्राकर, योगेंद्र वर्मा, लीलेश्वर साहू, प्रीतम साहू समेत समिति से जुड़े लोग मौजूद थे। यह जानकारी स्वर्गधाम सेवा समिति के अध्यक्ष नरेंद्र साहू ने दी है।

### संकरी में भाजपाइयों ने किया बुजुर्गों का सम्मान

**सिर्री।** ग्राम संकरी में शरद पूर्णिमा पर भाजपा परिवार ने शरद पूर्णिमा उत्सव समिति के सहयोग से ग्राम के बुजुर्ग व्यक्तियों का सम्मान किया। इन्होंन सामाजिक एवं ग्रामीण अध्यक्ष के रूप में सर्व समाज को सेवा दी है।

गुप्त व यौन रोग कमजोरी
स्त्री पुरूष गुप्त रोग नपुंसकता, उत्तेजना कम होना, हस्तमैथुन द्वारा नसों में कमजोरी, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, गुप्त अंग का छोटापन, शुक्राणु की कमी, पेशाब में धातु जाना, पेशाब में जलन होना, शुगर से आई हुई सेक्स में कमी व विशेष इलाज चर्म रोग, वात रोग, बवासीर संपर्क करें।
संजीवनी आयुर्वेदिक दवाखाना
अंबेडकर चौक, अंगारमोती मेडिकल ई-स्टोर के पास, बस्तर रोड, जोधापुर, धमतरी मो. 9174466336

Gomti THRESHERS
किसान की पसंद
6&7 फेन
बुकिंग प्रारंभ
पैडी मल्टीक्राप थ्रेशर
7 पंखों वाला थ्रेशर मात्र 2 लाख से प्रारंभ
4 चक्का एवं 2 चक्का ट्राली भी उपलब्ध
पैरा दूर फेंके
उत्तम धान निकासी
शून्य रखरखाव
एक्सचेंज एवं फाईनेंस सुविधा उपलब्ध
गोमती एग्रो इण्डस्ट्रीज, रायपुर (छ.ग.) 8819840000

NX MODULAR KITCHEN Galaxy NX
/KitchenGalaxyNXModular
10-15 साल की वारंटी के साथ
No. Extra Expenses
इस त्योहार बनाएं मॉड्युलर किचन आकर्षक ऑफर के साथ...
Gift Hamper up to 15000/-*
₹60,000 ₹90,000 ₹1,50,000
C-4, Sector-1, Devendra Nagar, Near City Center Mall, Raipur 9977115597, 8319076661

Pride of Dhamtari
गितिका ऑटो डील
आटो पार्टस एवं सर्विसिंग सेंटर
बाजार चौक मेन रोड सिरसिदा
हमारे यहां सभी प्रकार के चारपहिया एवं दोपहिया गाड़ियों की खरीदी-बिक्री, रिपेयरिंग, सर्विसिंग एवं नाम ट्रांसफर का काम किया जाता है
प्रो.टोमन साहू 97530-65484, 62682-66559
त्यौहारी ऑफर
नवरात्रि से दीपावली पर्व तक दोपहिया वाहन में एक वर्ष का इंश्योरेंस फ्री एवं चारपहिया वाहन खरीदी पर चांदी का सिक्का फ्री
विज्ञापन के लिए संपर्क करें :- हरिभूमि
धमतरी - 98261-14710, 75873-71999, कुरुद - 98268-82770, नगरी -75818-01429
मगरलोड - 97526-17538, सिर्री - 99261-66875, जीजामगांव - 95754-57523, अंवरी-97535-23273
राजधानी मार्ग, मसीही चिकित्सालय के सामने, धमतरी फोन : 07722-357201

Health Town
राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
(22 वर्सों से क्षेत्र में अनुभवी चिकित्सक)
न्यूरो-पंचकर्मा चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
• स्लीप डिस्क, आर्थराइटिस • Back Pain, सायटिका • जोड़ो में दर्द, मांसपेशियों में दर्द
• जकड़न (Stiffness) व नशों का दबना • टेंडन एवं लिगामेंट इंजरी • सर दर्द, पॅरालिसीस • स्पांडिलाइटिस • गठिया रोग
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

छलनी से चंद्र दर्शन करके व पति के हाथों जल पीकर तोड़ा व्रत

# करवाचौथ का व्रत रखकर सुहागिनों ने मांगी पति की लंबी उम्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶अंवरी

ग्राम अंवरी सहित भखारा अंचल में पति की दीर्घायु के लिए महिलाओं ने करवाचौथ का व्रत रखा। रविवार को सुबह उठ कर महिलाओं ने सरगी के तौर पर दूध, फैनियां, फल और सब्जी के साथ रोटी खाई। इसके बाद से उनका व्रत शुरू हो गया। महिलाओं ने सारा दिन पानी तक नहीं पिया। शाम को महिलाओं ने अपने अपने घरों में विधि विधान से पूजा अर्चना की। महिलाओं ने बेरी व पीपल के पेड़ों को जल को अर्घ्य दिया। बहुओं ने अपनी सासू मां को मिठाईयां, वस्त्रों के अलावा अन्य वस्तुएं दी। सासु मांओं ने भी बहुओं को करवाचौथ से संबंधित उपहार दिए। विवाहिताओं ने अपनी सास और पति के पैर छू कर आशीर्वाद लिया। रात करीब साढ़े 8 बजे चंद्रमा के उदय होने पर व्रतियों ने छलनी से चंद्रदर्शन करके चंद्र को अर्घ्य दिया। रात के भोजन के साथ महिलाओं ने अपना व्रत पूरा किया। व्रत पूरा करके महिलाओं ने भगवान से अपने पति की लंबी आयु उम्र मांगी।

बहुओं ने अपनी सासू मां को मिठाई, वस्त्र भेंटकर लिया आशीर्वाद



सुपेला निवासी अर्चना साहू ने करवा व्रत पर प्रकाश डालते हुए बताया कि प्राचीन समय में एक करवा नाम की पतिव्रता स्त्री थी। एक दिन उसका पति नदी में स्नान करने गया, तो नहाते समय एक मगरमच्छ ने उसका पैर पकड़ा लिया और निगलने के लिए खींचने लगा। उसने चिल्लाकर अपनी पत्नी करवा को बुलाया और सहायता के लिए कहने लगा। करवा बहुत पतिव्रता थी इसलिए उसके सतीत्व में बहुत बल था। करवा ने नदी के तट पर अपने पति के पास पहुंचकर अपनी सूती साड़ी से धागा निकालकर अपने तपोबल से उस मगरमच्छ को बांध दिया। सूत के धागे से बांधकर करवा मगरमच्छ को लेकर यमराज के पास पहुंची। यमराज ने करवा से पूछा कि आप यहां क्या कर रही हैं और आप चाहती क्या हैं। करवा ने यमराज से कहा कि इस मगर ने मेरे पति के पैर को पकड़ लिया था इसलिए आप अपनी शक्ति से इसके मृत्युदंड दें और उसे नरक में ले जाएं। यमराज ने करवा से कहा कि अभी इस मगर की आयु शेष हैं इसलिए वह समय से पहले मगर को मृत्यु नहीं दे सकते। इस पर करवा ने कहा कि अगर आप मगर को मारकर मेरे पति को चिरायु का वरदान नहीं देंगे तो मैं अपने तपोबल के माध्यम से आपको ही नष्ट कर दूंगी।

करवा की बात सुनकर यमराज के पास खड़े चित्रगुप्त सोच में पड़ गए क्योंकि करवा के सतीत्व के कारण न तो वह उसको शाप दे सकते थे और न ही उसके वचन को अनदेखा कर सकते थे। तब उन्होंने मगर को यमलोक भेज दिया और उसके पति को चिरायु का आशीर्वाद दे दिया। साथ ही चित्रगुप्त ने करवा को आशीर्वाद दिया कि तुम्हारा जीवन सुख-समृद्धि से भरपूर होगा। उस दिन कार्तिक मास की चतुर्थी होने के कारण करवा और चौथ मिलने से इसका नाम करवा चौथ पड़ा। इस तरह मां करवा पहली महिला हैं, जिन्होंने सुहाग की रक्षा के लिए न केवल व्रत किया बल्कि करवा चौथ की शुरुआत भी की।

## सुहागिन महिलाओं ने रखा करवा चौथ का व्रत





**सिर्री।** सिर्री सहित अंचल के गांवों में सुहागिन महिलाओं ने पति की दीर्घायु की कामना को लेकर करवा चौथ का व्रत रखा। 24 घंटे निर्जला व्रत के लिए महिलाएं पहले से ही उत्सुक रहीं। पंडित करण शर्मा द्वारा मंत्रोच्चारण के साथ करवा चौथ की पूजा सम्पन्न की गई। पश्चात देर रात 10 बजे चांद नजर आने पर महिलाओं ने पति की पूजा के साथ ही अन्य विधि-विधान को पूरा कर अपने पति के हाथों से पानी पीकर उपवास तोड़ा और सौभाग्य की कामना की। वहीं गांव की अधिकांश छतों पर रात में सुहागिन महिलाएं चांद और अपने पति का दीदार करती रहीं। ग्राम सिर्री की अंजनी ध्रुवंशी, मनीषा ध्रुव, ज्योति ध्रुवंशी, लक्ष्मी यादव, ननकी पटेल, यशोदा ध्रुवंशी के साथ अन्य सुहागिन महिलाओं ने करवा चौथ का व्रत रखा। इसी तरह सिर्री व आसपास के गावों में भी महिलाओं ने विधिपूर्वक करवा चौथ का व्रत रखा और पूजन किया।

## डांडेसरा अंचल में मनाया गया करवाचौथ



**डांडेसरा।** ग्राम डांडेसरा समेत आसपास के ग्राम भालूझुलन, कान्हारपुरी, भुसरेंगा, सेमरा डी, सेनचुआ, हांकारा, डाही एवं चरमुड़िया में महिलाओं ने करवाचौथ का व्रत रखा। रात में बादल आने के कारण 9 बजकर 45 मिनट पर चांद देखने के बाद पूज -अर्चना की गई। महिलाओं ने पति के हाथ से पानी पीकर व्रत तोड़ा। पति की दीर्घायु के लिए यह व्रत किया गया।

## देमार स्कूल में शहीद टिकेश्वर को दी श्रद्धांजलि



हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

पुलिस स्मृति शहीद दिवस पर शाउमावि देमार से शिक्षा प्राप्त शहीद आरक्षक टिकेश्वर ध्रुव ग्राम परेवाडीह को श्रद्धांजलि दी गई। वे जिला दंतेवाड़ा में आरक्षक के पद पर कार्यरत थे। टिकेश्वर ध्रुव पुलिस नक्सली मुठभेड़ में अपने अदम्य साहस का परिचय देते हुए शहीद हो गये। 21 अक्टूबर को पुलिस स्मृति दिवस पर शाला प्रांगण में शहीद की शहादत को नमन किया गया। इस अवसर पर थाना अर्जुनी के उपनिरीक्षक पुष्पकार एवं शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के अध्यक्ष अंग्रेश्वर साहू ने विद्यार्थियों में देश प्रेम की भावना जागृत करने एवं पुलिस सेवा से जुड़ने हेतु प्रेरित किया। मौके पर प्राचार्य देवनाथ साहू एवं समस्त स्टाफ उपस्थित थे।

## त्रैमासिक परीक्षा में प्रथम आने वाले छात्रों को दी हाथ घड़ी

**बगदेही(धमतरी)।** शिक्षण सत्र 2024-25 में आयोजित त्रैमासिक परीक्षा में कक्षा केजी वन से आठवीं तक प्रथम आने वाले बच्चों को विद्यालय की ओर से पुरस्कार स्वरूप हाथ घड़ी प्रदान की गई। केजी वन से तनिष्क पटेल, केजी टू से गीतेश्वरी साहू, पहली से धारणा कुर्रे, दूसरी से पूर्वी पटेल, तीसरी से इशिका, चौथी से हर्षिता, पांचवीं से कुमकुम, छठवीं से मिताली बंजारे, सातवीं से अभय, आठवीं से खेमलता ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। सभी को हाथ घड़ी वितरण की गई।

## वाहन चालक ने दिखाई ईमानदारी, बटुआ लौटाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶कुरूद

ईमानदारी से बड़ी कोई चीज नहीं होती। आज भी इंसानियत जिंदा है और लोगों की मदद करने वाले अच्छे लोग हैं। इसकी मिसाल एक ईमानदार वाहन चालक भोलाराम ध्रुव कोकड़ी (नारी) ने पेश की है। मंडी से धान खाली कर लौटते समय ग्राम कोकड़ी नारी निवासी सूर्य नमस्कर चौक पर एक गिरा हुआ बटुआ देखा और अपने दोस्त के साथ पर्स के मालिक को वह बटुआ लौटाया।

कुरूद नगर में विजयादशमी के दिन ग्राम अटंग निवासी मेहुल सेन का बाइक चलाते समय पर्स गिर गया था, जिसकी तलाश पर भी कोई जानकारी नहीं हुई। उसी दिन मंडी से धान खाली कर लौटते समय ग्राम कोकड़ी (नारी) निवासी भोलाराम धुव पिता पवन ध्रुव ने सूर्य नमस्कर चौक पर वह पर्स देखा। उन्होंने अपने परिचित सतवंत साहू से संपर्क किया, जिन्होंने बताया कि भूखन सेन नामक व्यक्ति उनके गांव में रहता है। भोलाराम ने भूखन को फोन करके बताया कि उसके पर्स में 1200, एटीएम और आधार कार्ड हैं। पैसे देखकर भी उनका मन नहीं डोला। उन्होंने दृढ़ निश्चय किया कि यह पर्स उसके असली मालिक तक पहुंचाना है और अगले दिन भोलाराम ने मेहुल सेन को पर्स वापस किया। इस ईमानदारी के कार्य के लिए मेहुल ने भोलाराम की सराहना की और कहा कि आज की दुनिया में ऐसे लोग बहुत कम मिलते हैं। भोलाराम की ईमानदारी एक अनोखी मिसाल है जो हमें सिखाती है कि सही रास्ता हमेशा चुनना चाहिए।



## सशिमं की छात्रा धारणी पटेल बिलासपुर में हुईं सम्मानित



हरिभूमि न्यूज ▶▶जीजामगांव

सरस्वती शिशु मंदिर जीजामगांव की धारणी पटेल पिता रोहित पटेल कक्षा पंचम ने प्रांत स्तरीय मेधावी छात्र परीक्षा में 86 प्रतिशत प्राप्त कर द्वितीय स्थान प्राप्त किया। उसे 20 अक्टूबर को छात्र अलंकरण समारोह कोणी बिलासपुर में सम्मानित किया गया। जिला समन्वयक, मिथिलेश साहू संकुल प्रमुख, ओमप्रकाश साहू सहसंकुल प्रमुख, संगीत प्रमुख काली ध्रुव समेत स्कूल स्टाफ ने उनके उज्वल भविष्य की कामना की। यह जानकारी प्रधानाचार्य ने दी है।

## नगर पंचायत अध्यक्ष पद के लिए भठेली को आरक्षित करने उठ रही मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶अंवरी

सन 2007-08 में नगर पंचायत भखारा भठेली का गठन हुआ है तबसे लेकर आज तक भठेली को अध्यक्ष पद का आरक्षण नहीं मिला है। इससे भठेलीवासियों में नगर पंचायत और शासन-प्रशासन के खिलाफ रोष व्याप्त है। बता दें कि नगर पंचायत भखारा के अस्तित्व में आने से पहले भठेली और भखारा अलग-अलग ग्राम पंचायत हुआ करता था दोनों ग्राम पंचायतों को मिलाकर नगर पंचायत बनाया गयालेकिन जब से भखारा और भठेली को नगर पंचायत बनाया गया है। तबसे लेकर आज तक नगर पंचायत चुनाव में भखारा को नगर पंचायत का अध्यक्ष पद आरक्षण मिला है और भखारा से ही अध्यक्ष चुने जाते हैं जिससे भठेली वासियों में निराशा छा जाती है। भठेलीवासियों ने शासन प्रशासन पर नाराजगी जाहिर करते हुए बताया कि आगामी कुछ महीनों में नगरीय निकाय चुनाव होना है। यदि भठेली को अध्यक्ष पद के लिए आरक्षित नहीं किया जाता है तो इसके लिए निर्वाचन आयोग से मांग की रणनीति बना रहे हैं। अब आगे यह देखना दिलचस्प होगा कि नगर पंचायत भखारा-भठेली में किसे अध्यक्ष पद का आरक्षण मिलेगा।




## निर्धन छात्र सहायता कोष से दी सहायता राशि

**कुरूद।** निर्धन छात्र सहायता कोष के सदस्यों ने कुरुद क्षेत्र की दो छात्राओं को व्यावसायिक शिक्षा के लिए सहायता राशि प्रदान की। छात्रा श्वेता पिता पुरंजन सिन्हा सिवनीकला को एम. फार्मा के लिए और मानसी पिता महेश कुर्रे बगौद को बीए बीएड की पढ़ाई के लिए प्रत्येक को 25,000 रुपये की सहायता राशि प्रदान की गई। यह सहायता राशि इन छात्राओं को अपनी व्यावसायिक शिक्षा पूर्ण करने में मदद करेगी और उनके भविष्य को सशक्त बनाएगी। निर्धन छात्र सहायता कोष प्रमुख सदस्य वेदनाथ चंद्राकर ने कहा कि हमारा उद्देश्य जरूरतमंद छात्रों को व्यावसायिक शिक्षा का अवसर प्रदान करना है, ताकि वे अपने सपनों को पूरा कर सकें। इस अवसर पर डीपी देवांगन, एनएल चंद्राकर, कुलेश्वर सिन्हा, धनेश्वर निर्मलकर, एनएस ध्रुव, अविनाश साहू, जुगलकिशोर साहू, श्रीमती विनीता साहू, दुविका ठाकुर, कविता नागवानी समेत अन्य सदस्यों ने छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

## नर्सिंग छात्रों को दी साइबर अपराध की जानकारी

**धमतरी।** रिलायंस इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग एवं फ्लोरेंस कॉलेज ऑफ नर्सिंग लिमतरा में एक दिवसीय साइबर जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। पुलिस ने विद्यार्थियों को कैश बैक फ्रॉड, सोशल मीडिया चैटिंग फ्रॉड, ऑनलाइन डिलीवरी, ऑनलाइन लोन, क्रेडिट एवं केवाईसी, वायरल वीडियो, अनजान एप लिंक से संबंधित होने वाले फ्रॉड एवं इससे बचाव की जानकारी दी।






## खबर संक्षेप



### जनजातीय गौरव स्मृति में हुईं विविध स्पर्धाएं

**कांकेर।** शासकीय पॉलिटेक्निक में जनजातीय गौरव स्मृति कार्यक्रम के अंतर्गत जनजातीय समाज का गौरवशाली अतीत ऐतिहासिक सामाजिक एवं आध्यात्मिक विषय पर गत 19 अक्टूबर को विविध कार्यक्रम आयोजित किए गए। इसके अंतर्गत निबंध प्रतियोगिता, पेंटिंग, रंगोली प्रतियोगिता एवं क्विज का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का प्रमुख उद्देश्य जनजातीय समाज और संस्कृति के गौरवशाली इतिहास के प्रति सम्मान, प्रेम एवं जागरूकता को बढ़ाना है और साथ ही जनजातीय संस्कृति और परंपरा को संरक्षित रखना है।

### सत्यवती और दिव्या का व्हालीबाल में हुआ चयन



**भानुप्रतापपुर।** शासकीय महर्षि वाल्मीकि स्नातकोत्तर महाविद्यालय भानुप्रतापपुर के दो विद्यार्थियों का कबड्डी एवं व्हालीबॉल में राज्य स्तरीय एवं विश्वविद्यालय स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयन हुआ है। दोनों विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. रश्मि सिंह ने कहा कि यह हमारे महाविद्यालय के लिए गौरव की बात है कि प्रतिवर्ष विभिन्न खेलों में विद्यार्थियों का चयन राष्ट्रीय एवं राज्य स्तर के लिए लगातार हो रहे है।

### महिला ने फांसी लगाकर दी जान

**कांकेर।** भानुप्रतापपुर थानांतर्गत बोगर निवासी 41 वर्षीय बिसरी बाई यादव पति शिवप्रसाद ने 20 अक्टूबर को फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। मृतिका के पति ने पुलिस को बताया कि उसकी पत्नी ने बोगर निवासी सन्नूराम गावड़े के पुराना घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। आत्महत्या के कारणो का अभी पता नही चल पाया है। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है।

### प्रधान आरक्षकों को मिली एएसआई पद पर पदोन्नति



**कांकेर।** पुलिस महानिरीक्षक बस्तर रेंज जगदलपुर के 21 अक्टूबर को कांकेर प्रवास के दौरान प्रधान आरक्षक से सहायक उप निरीक्षक के पद पर पदोन्नत प्रधान आरक्षक समोद शर्मा, केशव लाल कोर्राम, रजनीश गजबिए, तुमेश्वर साहू, कुलेश्वर प्रसाद देवांगन, तिजऊ राम मांझी, गोवर्धनराम कोर्राम, माखन लाल नागवंशी को प्रधान आरक्षकों को कंधे में स्टार लगाकर सहा उप निरीक्षक के पद पर पदोन्नत किया गया। इस दौरान एसपी आई कल्याण एलिसेला, एएसपी भानुप्रतापपुर संदीप पटेल, एएसपी कांकेर मनीषा ठाकुर रावटे, उप पुलिस अधीक्षक मेखलेन्द्र प्रताप सिंह, उप पुलिस अधीक्षक गिरिजाशंकर साव, रक्षित निरीक्षक गोविन्द वर्मा तथा जिले के अधिकारी व कर्मचारीगण उपस्थिति रहे।

### बस्तर ओलंपिक के लिए पंजीयन अब 25 तक

**कांकेर।** युवाओं के रचनात्मक एवं खेल प्रतिभा को निखारने, उन्हें अधिक से अधिक अवसर प्रदान करने और बस्तर क्षेत्र की जनता का शासन से प्रत्यक्ष संबंध स्थापित करने के उद्देश्य से बस्तर संभाग के सभी जिलों में बस्तर ओलम्पिक 2024 खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा, जिसके लिए अब 25 अक्टूबर तक ऑनलाइन पंजीयन कराया जा सकता है। जिला पंचायत के सीईओ एवं बस्तर ओलंपिक के जिला नोडल अधिकारी सुमित अग्रवाल ने बस्तर ओलम्पिक 2024 की विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि इस आयोजन में विकासखण्ड स्तर से लेकर संभाग स्तर तक खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा।

अवैध गोदामों में नहीं है सुरक्षा का कोई इंतजाम

# रिहायशी इलाकों में पटाखों का अवैध भंडारण, कार्रवाई की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



सुरक्षा को ताक पर रखकर शहर के रिहायशी इलाकों में पटाखों का अवैध भंडारण शुरु हो गया है। इसके अलावा कुछ वार्ड की दुकानों में पटाखों का भरपूर स्टाक देखा जा रहा है जबकि दुकानों में केवल सेंपल होना चाहिए। रिहायशी इलाकों में भंडारण शहरवासियों के लिए खतरा साबित हो सकता है। दुकानदार रिहायशी इलाके से दूर गोदाम बनाकर पटाखों का जखीरा रख रहे हैं। ऐसे ही लापरवाही के कारण कुछ वर्ष पहले पटाखा दुकान में आग लग गई थी, जिसे काफी मुश्किलों के बाद बुझाया गया था। बता दें कि गोदाम भी ऐसी जगह है जहां दमकल की गाड़ियां नहीं पहुंच पाती।

पटाखा व्यवसाय से जुड़े कारोबारियों का कहना है कि कुछ थोक व्यवसायी शहर के आमापारा, टिकरापारा, कोष्टापारा, पुराना बसस्टैंड, सोरिद, जोधापुर, दानीटोला, सोरिद, जालमपुर, महिलासागर वार्ड, नवागांव वार्ड सहित शहर के बाहर गांवों में काफी मात्रा में पटाखों का स्टाक दीपावली त्योहार के लिए रख लिया है। अधिकांश लोगों ने शहर के अंदर जखीरा रखा है जो खतरा से खाली नहीं है। शहर के कुछ नागरिक ऐसे हैं जो अपने बड़े गोदामों को पटाखा रखने किराया पर दे देते हैं। इसके एवज में माहभर में ही उन्हें लाखों रूपया किराया मिलता है। उन्हें शहरवासियों के जान माल की कोई चिंता नहीं है। इन गोदामों में एकसाथ आधा दर्जन व्यापारियों का पटाखा डंप रहता है जिसकी कीमत करोड़ों में है। पटाखा भी ऐसा है जो आग लगने पर 100 मीटर के एरिया को तहस नहस कर सकता है। डंप किए गए गोदामों और दुकानों में सुरक्षा का कोई इंतजाम भी नहीं है। यह बात जांच में सामने आ सकती है।

#### सप्ताहभर बाद त्योहार बाजार में बढ़ी भीड़

दीपावली का त्योहार सप्ताह भर शेष बचा है। 29 अक्टूबर को धनतेरस एवं 31 अक्टूबर को दीपावली है। इस लिहाज से खरीदारी करने बड़ी संख्या में लोग शहर पहुंच रहे हैं। बाजारों में भीड़ बढ़ गई है। बाजार के आसपास बारूद का ढेर है। इस बीच कहीं कोई अनहोनी घटना हो जाती है तो लोगों को नुकसान पहुंच सकता है। हर साल दीपावली पर 5 करोड़ से अधिक का व्यापार सिर्फ पटाखों से ही होता है और इतना ही सामान बच जाता है जिसे लोग चुपचाप अपने गोदामों में स्टोर कर लेते हैं। अमूमन 10 करोड़ का पटाखा शहर में डंप है, जिसे हम बारूद का ढेर कह सकते हैं। सुरक्षा के नाम पर कोई इंतजाम नहीं है।

#### हो चुकी हैं घटनाएं

शहर के अंदर पटाखों का गोदाम सही मायने में बारूद का ढेर है, जिससे कभी भी अनहोनी घटना हो सकती है। कुछ वर्ष पहले ऐसे ही आगजनी की घटनाएं पटाखों की दुकान में हो चुकी हैं। इसके अलावा छिटपुछ घटनाएं होती रहती हैं। पटाखा दुकान और गोदाम के आसपास आग की चिंगारी काफी खतरनाक हो सकती है। आसपास का क्षेत्र पूरी तरह तहस नहस हो सकता है। सुरक्षा का पर्याप्त इंतजाम नहीं है। इसके अलावा गोदाम संकरी गलियों में बनाया गया है, ताकि किसी को खबर न हो।

## एकल शिक्षकीय से जूझ रहा ठेमलीपारा स्कूल



- पालकों ने 15 दिन के अंदर शिक्षक की व्यवस्था नहीं होने पर दी आंदोलन की चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी

शासकीय प्राथमिक शाला ठेमलीपारा संकुल केन्द्र बांसपानी शुरुआत से ही एकल शिक्षकीय रहा है। बीच में दो-तीन वर्षों से शैक्षिक व्यवस्था के तहत एक शिक्षक की व्यवस्था की गई थी। शिक्षक की पदोन्नति होने के कारण फिर से एकल शिक्षकीय हो गया है। शाला की दर्ज संख्या 22 है और केवल एक प्रधानपाठक ही पदस्थ हैं। उनके प्रशिक्षण, मीटिंग, जानकारियां जमा करने ऑनलाईन कार्य एवं अन्य शासकीय कार्य करने के कारण बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है। इससे बच्चों का भविष्य अंधकारमय हो रहा है। इस संबंध में विकासखण्ड में कई बार आवेदन दिया जा चुका है किन्तु आज पर्यन्त शिक्षक की व्यवस्था नहीं की गई है। पंचायत प्रतिनिधियो एवं ग्रामीणों ने बच्चों के भविष्य को देखते हुए सेटअप के आधार पर अथवा एक अन्य शिक्षक की व्यवस्था करने की मांग की है।

यदि आज से 15 दिनों के अंदर शिक्षक की व्यवस्था नहीं की जाती है तो मजबूरन उग्र आंदोलन कर शाला में ताला लगाना पड़ेगा। इसकी सारी जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी। मांग करने वालों में सरपंच रामसिंग मरकाम, नोहर सिंग, मंगलूराम, मान सिंह, लालकुंवर, जवाहरलाल, हरित लाल, रमेश मरकाम, देवलाल सलाम, आशु लाल, दशरथ, छबिलाल, अमर सिंह, सुंदर सहकुराम, मनोज शाामिल हैं। कलेक्टोरेट पहुंचकर अपनी समस्या को जनदर्शन में रखा।

## अघोषित विद्युत कटौती से उपभोक्ता हो रहे परेशान

**मगरलोड।** विद्युत विभाग द्वारा विद्युत कटौती की पूर्व सूचना नहीं देने तथा लंबे समय तक विद्युत प्रभाव बंद करने से उपभोक्ता काफी परेशान हैं। 21 अक्टूबर सोमवार को मेघा फीडर का विद्युत प्रवाह सुबह 9 से शाम 5 बजे तक अचानक बंद किया गया। विभागीय अधिकारी कर्मचारी से पूछने पर उन्होंने बताया कि मेंटनेंस चल रहा है। इसकी जानकारी मोबाइल में दी गई है। यह जनहित के लिए उपयुक्त नहीं है। 21 अक्टूबर सोमवार को ग्रामीण बैंक, बैंक ऑफ़ बड़ोदरा बैंक मेघा, उप स्वास्थ्य केंद्र मेघा में कार्य ठप रहा। इससे सैकड़ों हितग्राही दिनभर भटकते रहे। विद्युत प्रवाह बंद होने से व्यापारियों को अधिक आर्थिक नुकसान हुआ। मेघा, सेन्हाभाटा, करेली छोटी, अरौद, गिरौद के विद्युत उपभोक्ता दिन भर परेशान रहे। मेघा, करेली छोटी, सेन्हाभाटा राइस मिल मजदूर बेरोजगार हो गए। विद्युत विभाग के मनमानी रवैया से उपभोक्ता नाराज हैं। विद्युत उपभोक्ताओं ने बताया कि विद्युत कटौती के लिए समय सीमा निर्धारित किया जाना आवश्यक है। लंबे समय से विद्युत कटौती से कारोबार चौपट हो जाता है। घरेलू उपभोक्ताओं का जीना मुश्किल हो जाता है।

## वोकल फॉर लोकल की भावना के साथ प्रीतेश ने कुम्हारों से खरीदे दीये

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



दीपावली के महापर्व पर घरों में दीपक के माध्यम से रोशनी बिखेरने और विकसित भारत 2047 के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा वोकल फॉर लोकल का नारा दिया गया है। सभी लोग मिट्टी के दीये जलाकर इसे बनाने वाले कुम्हार समुदाय के प्रति कृतज्ञता का भाव रखें साथ ही इनके जीविकोपार्जन में सहयोग प्रदान करते हुए ऐसे पवित्र व्यवसाय को बढ़ावा देने के लिए एक सशक्त व सार्थक माध्यम बने।

इसी भावना का अनुसरण करते हुए भाजपा प्रदेश विशेष आमंत्रित सदस्य प्रीतेश गांधी ने शहर के शास्त्री चौक पर व्यवसाय कर रहे कुम्हारों के पास पहुंचकर मिट्टी का दीपक खरीदते हुए समाज को यह संदेश दिया कि समाज के व्यवसायी जो वर्ष भर मेहनत करके हमारे घरों को रोशन करने का महान कार्य करते हैं, उनसे दीये खरीदकर उनके घरों में भी खुशियों का दीपक जलाने का माध्यम बनकर इस स्थानीय व्यवसाय को आगे बढ़ाएं।

इन्हीं के कारण हमारी परंपरा, संस्कृति, हमारी मान्यता आने वाली पीढ़ी को समर्पित होती है। इन्हें सहेज कर रखना तथा संवर्धित करना हमारा सामाजिक तथा नैतिक धर्म है। उनके साथ राजेंद्र पार्षद, यतीश श्रीवास्तव एवं गंगाराम साहू भी उपस्थित थे।

### 20 बच्चों की जांच रिपोर्ट पॉजिटिव आई

**मगरलोड।** एंबिशन पब्लिक स्कूल मेघा में एक दिवसीय सिकलिन जांच शिविर का आयोजन हुआ। कक्षा नर्सरी से दसवीं के कुल 200 बच्चे सहित स्कूल स्टाफ की सिकल सेल जांच की गई। 20 बच्चों की जांच रिपोर्ट पॉजिटिव आई जिन्हें विशेष उपचार हेतु प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मेघा में आने कहा गया। शिविर में स्वास्थ्य विभाग से डा. रूपेश साहू, ग्रामीण चिकित्सा सहायक भुवन साहू, लैब टेक्निशियन मिथिलेश साहू, स्कूल स्टॉफ से घनश्याम निषाद, डुमेश साहू सहित अन्य मौजूद रहे।

### आरएन ध्रुव तीसरी बार शासकीय विकास संघ के प्रांताध्यक्ष चुने गए

**धमतरी।** अनुसूचित जनजाति शासकीय सेवक विकास संघ छग प्रांतीय कार्यकारिणी के गठन के लिए बूढ़ादेव ठाना बंजारी नया रायपुर में आमसभा हुई। कार्यक्रम में प्रांताध्यक्ष आरएन ध्रुव ने पिछले कार्यकाल के अनुभव को साझा किया। पूर्व महासचिव मोहनलाल कोमरे ने संघ की उपलब्धियों को बताया। पूर्व कोषाध्यक्ष एनआर चंद्रवंशी द्वारा आय–व्यय प्रस्तुत किए। मुख्य निर्वाचन अधिकारी आरएल ध्रुव थे। सभी जिला अध्यक्ष आम सहमति बनाकर प्रांताध्यक्ष हेतु आरएन ध्रुव, प्रांतीय महासचिव हेतु एनआर चंद्रवंशी एवं प्रांतीय कोषाध्यक्ष हेतु ललित मोहन भगत का नाम लेकर आए। प्रांतीय कोषाध्यक्ष एवं महासचिव में इन दोनों नाम पर पर आम समिति बन गई और निर्विरोध चुने गए। प्रांताध्यक्ष के लिए मतदान हुआ। अंततः तीसरी बार आरएन ध्रुव प्रदेश अध्यक्ष निर्वाचित हुए। निर्वाचन अधिकारी ने उन्हें प्रमाण-पत्र प्रदान किया।



## बजरंग दल के जिला सहमंत्री पर जानलेवा हमला

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

बीते शनिवार को ग्राम कोसमर्रा के कुछ युवाओं द्वारा भीड़ को उकसाकर मॉब लिंचिंग जैसी स्थिति पैदाकर बजरंग दल के जिला सहमंत्री दीपक सोनी पर जानलेवा हमला किया गया। पुलिस द्वारा अपराध कायम किया गया लेकिन घटना के 8 दिन बाद तक भी आरोपियों पर कोई कार्रवाई नहीं की गई। कार्रवाई नहीं होने के कारण जिले के कार्यकर्ताओं में काफी आक्रोश व्याप्त है। विरोध में विश्व हिन्दू परिषद, बजरंग दल के सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने जिला एवं प्रखंड के पदाधिकारियों के साथ रैली निकालकर भखारा थाने का घेराव किया। ज्ञापन सौंपकर तत्काल कार्रवाई की मांग की। कार्रवाई नही होने की स्थिति में बजरंगियों ने उग्र आंदोलन करने की बात कही।





कार्यकर्ताओं ने भखारा थाना का किया घेराव

जिलामंत्री विहिप रामचंद देवांगन ने कहा कि संगठन अपने प्रत्येक कार्यकर्ता के साथ मजबूती के साथ खड़ा है। संगठन अपने कार्यकर्ताओं से चलता है। दल हर मोर्चे पर संघर्ष करने को तैयार है।

जिला संयोजक बजरंग दल रवि कुमार साहू ने बताया कि यह आंदोलन अपने संगठन और कार्यकर्ता सम्मान के लिए था। कुछ अपराधी तत्व को प्रशासन द्वारा संरक्षण देने का काम किया जा रहा है जिसे बजरंग दल बर्दाश्त नहीं करेगा। इस दौरान चंद्रेश सोनाने, डिगेश वर्मा, एवन कुमार, जिला संयोजिका दुर्गावाहिनी श्रीमती भूमिका कोर्राम, इंद्र कुमार, टोकेश साहू, रंजीत साहू, चांदनी साहू, गुहन दास मानिकपुरी, महेंद्र ध्रुववंशी समेत दल से जुड़े पदाधिकारी और सदस्य मौजूद रहे।

### रामपुर स्कूल में हुई खो-खो स्पर्धा

**बगदेही(धमतरी)।** शाउमवि रामपुर में खो- खो इंट्रामुरल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें स्कूल के चारों हाऊस के कैप्टन सोनी टंडन, रूपेश्वरी, यूनिता, डोमिन, नोमिका, निकिता, मारिया समेत छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया।

सभी बीमारियों में तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी (छ.ग.) मो. 9993010732
वात रोग, सभी प्रकार के दर्द, गठियावात, सायटिका, झुनझुनीवात, कमर दर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग, लकवा रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना, अल्सर, कैंसर
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना, पेट में दर्द होना
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना, दर्द होना
पुरुष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन, शुक्राणु की कमी, कमजोरी
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, बच्चादानी में गांठ, मासिक रुकावट
बुखार, सर्दी-खांसी, स्वांस-दमा, केश रोग व दांत रोग का ईलाज

### नगर साहू समाज ने मां कर्मा की मूर्ति स्थापित की

**नगरी।** वार्ड क्रमांक 8 में नगर साहू समाज द्वारा संत शिरोमणि कर्मा माता की मूर्ति स्थापना की गई। ज्ञात हो कि कर्मा सामुदायिक भवन नगरी में मंदिर निर्माण किया गया है। यहां विधि -विधान से कर्मा माता की मूर्ति स्थापित की गई। रात्रि में नवयुवक रामायण मंडली लाइनपारा नगरी का रामायण पाठ हुआ।

## राष्ट्र सेविका समिति ने मनाया विजयादशमी महोत्सव

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

राष्ट्र सेविका समिति धमतरी, हिन्दुत्व नारायणी शाखा का विजयादशमी उत्सव एवं शस्त्र पूजन सोरिद स्थित मानस शिशु मंदिर जोधापुर धमतरी में हुआ। ज्ञात हो कि शौर्य एवं शक्ति पूजा के दिन ही लक्ष्मी बाई केलकर ने राष्ट्र सेविका समिति की स्थापना कर सजग संगठित मातृशक्ति का जागरण शुरू किया। इसी जागरण का प्रमुख उत्सव विजयादशमी उत्सव है। इस दिन शास्त्रों और शस्त्र पूजन का विशेष महत्व है। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि श्रीमती योगिता कंवर, मुख्य वक्ता रौनित गिरधारी सहारे राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ थे। अतिथियों द्वारा शस्त्र पूजन किया गया। मुख्य वक्ता श्री सहारे ने अपने उद्बोधन में कहा कि भारत के लोगों में देश भक्ति, राष्ट्र भक्ति जागृत करने वाले दो शब्द है वंदे मातरम सबको संगठित करने वाले दो शब्द है वंदे मातरम। उन्होंने अहिल्याबाई होलकर के 300 वें जन्मशताब्दी वर्ष एवं पंच परिवर्तन पर भी अपनी बात रखी। उन्होंने मातृ शक्तियों से संगठित रहने और राष्ट्र सेविका समिति से जुड़ने के लिए आग्रह किया।



चर्म रोग एवं एलर्जिक क्लीनिक
विशेषताएं- स्थायी ईलाज
पुराना दाद एवं खुजली, बेमची, मुहांसे (पिंपल्स) सफेद दाग, एलर्जी वाली खुजली)



डॉ. राकेश साहू होम्योपैथिक विशेषज्ञ
सुबह 10 से 2 एवं शाम 6 से 9 बजे तक (मंगलवार बंद)
डा.जयंत पवार हॉस्पिटल, बांके बिहारी मंदिर के पास, सदर बाजार, धमतरी
मो. 86027-50020

जिला मुख्यालय में राज्योत्सव कार्यक्रम 5 नवंबर को

# विभागीय प्रदर्शनी एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे

- 1 से 6 नवम्बर तक की जाएगी शासकीय भवनों में रोशनी
- समय सीमा की बैठक में कलेक्टर नम्रता गांधी ने की विभागवार प्रकरणों की समीक्षा

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर प्रदेश के सभी जिला मुख्यालयों पर एक दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया जाना है। कलेक्टर नम्रता गांधी ने समय सीमा की बैठक में राज्योत्सव की तैयारियां करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। उन्होंने कहा कि जिला मुख्यालय स्थित स्थानीय डॉ.शोभाराम देवांगन शासकीय उच्चतर माध्यमिक स्कूल के एकलव्य खेल परिसर में 5 नवम्बर को राज्योत्सव का एक दिवसीय कार्यक्रम होगा। इस दौरान विभागीय प्रदर्शनी में उपलब्धियों, महत्वपूर्ण योजनाओं एवं सफल परियोजनाओं को प्रदर्शित किया जाएगा। 1 से 6 नवम्बर तक सभी शासकीय भवनों में रोशनी करने के निर्देश कलेक्टर ने दिए। बैठक में सीईओ जिपं रोमा श्रीवास्तव, अपर कलेक्टर जीआर मरकाम सहित जिला स्तरीय अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

बैठक में कलेक्टर ने समर्थन मूल्य पर धान खरीदी की तैयारी की समीक्षा की। उन्होंने नोडल अधिकारियों को धान खरीदी की गाइडलाइन का अध्ययन कर लेने कहा, ताकि नियम प्रक्रिया के अनुरूप धान की खरीदी की जा सके। कलेक्टर ने कहा कि धान कटाई के बाद किसान खेतों में पैरा नहीं जलाएं। इस पर निगाह रखने के निर्देश कृषि विभाग को दिए। इसके साथ ही ग्रीष्मकालीन धान के बदले दलहन, तिलहन को प्रोत्साहित करने हेतु आयोजित शिविरों में किसानों के पंजीयन की स्थिति की जानकारी कलेक्टर ने ली। प्रधानमंत्री आवास योजना की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने योजना के तहत पूर्ण, अपूर्ण और निर्माणाधीन कार्यों की जानकारी विकासखण्डवार ली। उन्होंने कहा कि आवास निर्माण के कार्यों को लक्ष्य के आधार पर शत-प्रतिशत पूरा कर लिया जाए।

online Booking:-www.tripuryatra.com


By Train-रिजर्वेशन कोच
06 नवम्बर से 18 नवम्बर 2024, 20 दिसंबर से 01 जनवरी 2025
24 जनवरी से 05 फरवरी 2025, 21 फरवरी से 05 मार्च 2025
02 मार्च से 19 मार्च 2025
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा
जनकपुर(सीता मईया का जन्म स्थल), सीतामणी, पशुपतिनाथ, लुम्बिनि (भगवानबुद्ध का जन्म स्थान), माँ मनोकामना देवी, पोखरा (गुप्तेश्वर महादेव, डेविड फाल, विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक), काठमांडू (भोलेनाथ मंदिर, बुढ़ानिलकंड, सांघा), काठमांडू दरबार, भक्तपुर, गोरखनाथ मंदिर, अयोध्या (श्रीराम जन्मभूमि), वाराणसी (काशी विश्वनाथ)
राशि:-स्लीपर 18500/- 3 एसी 27,500/-2 एसी 30,500/-(+ 5% GST)
Jai Mata Di Shree Tripur Tirth Yatra Samiti
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा
RAIPUR- D 36 Sector 4 Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411